University in News on 16 May 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीएड और एमएड का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि ने बुधवार को बीएड, एमएड और एमए एजुकेशन सम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

परीक्षा विभाग की ओर जारी कार्यक्रम के अनुसार, बीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 जून से 21 जून तक व बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 14 जून को होगी। इसी तरह एमएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 11 जून से 22 जून तक और एमएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 21 जून तक होंगी। एमए एजुकेशन दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 22 जून तक व एमए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 21 जून के बीच होंगी। इसके अलावा परीक्षा विभाग ने कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव भी किया है। इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. आलोक राय व अन्य। संवाद

लविवि के विद्यार्थी कर सकेंगे डीएमएसआरडीई में इंटर्नशिप

दोनों संस्थाओं के बीच हुआ एमओयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में इंटर्नशिप कर सकेंगे। इसके लिए बुधवार को विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीएमएसआरडीई के निदेशक डॉ. मयंक ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू रसायन विज्ञान विभाग के समन्वयन में हुआ। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान में उन्नति प्रदान करने के लिए सहयोगात्मक प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इसके तहत विवि के विद्यार्थी सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम, संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम, इंटर्नशिप, लघु शोध प्रबंध कार्यक्रम, इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा साझा करने का लाभ ले सकेंगे। इस मौके पर डॉ. अमित सरैया, रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा, डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. नीरज मिश्रा व डॉ. आशीष दुबे आदि उपस्थित रहे।

एसएए रैंकिंग में लविवि भी शामिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रतिष्ठित स्टडी अब्रॉड एड (एसएए) वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में शीर्ष 10 प्रतिशत में अपना स्थान बनाया है। इस रैंकिंग में 69 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को दुनिया के अग्रणी डाटाबेस के रूप में, स्टडी एब्रॉड एड ने दुनिया भर के सभी विश्वविद्यालयों को दो मैट्रिक्स सामर्थ्य और शैक्षणिक प्रतिष्ठा के आधार पर रैंक किया गया। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में पहचाने जाने पर हमें खुशी है। उन्होंने कहा कि हम इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। संयुक्त, ट्विनिंग और डुअल डिग्री कार्यक्रम खोलने की योजना भी हमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अधिक आकर्षक गंतव्य बनाएगी। (संवाद)

NBT PAGE 6

एलयू: कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा शेड्यूल जारी, कई में बदलाव

■ **एनबीटी, लखनऊ:** एनयू ने गुरुवार को बीएड, एमएड समेत कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा शेड्यूल जारी कर दिया। वहीं, कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा शेड्यूल में संशोधन भी किया है। विवि परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्टूडेंट्स एक बार फिर से अपना परीक्षा शेड्यूल देख लें। एलएलबी थ्री ईयर, एमपीएस समेत कई विषयों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। स्टूडेंट्स अपडेट शेड्यूल विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, वाणिज्य संकाय की डीन प्रफेसर रचना मंजो ने बीकॉम के स्टूडेंट्स के माइनर प्रॉजेक्ट रिपोर्ट के वायवा का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। यह वायवा 21 मई को सुबह 11 बजे न्यू कॉमर्स ब्लॉक और ओल्ड ब्लॉक में होगा।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

यूनिवर्सिटी रैंकिंग-२०२४ में लविवि को उच्च स्थान

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रतिष्ठित स्टडी अब्रॉड एड वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में शीर्ष 10 प्रतिशत में अपना स्थान घोषित किया है। इस रैंकिंग में 69 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के दुनिया के अग्रणी डेटाबेस के रूप में स्टडी एब्रॉड एड ने दुनियाभर के सभी विश्वविद्यालयों को दो मैट्रिक्स के आधार पर रैंक किया। सामर्थ्य और शैक्षणिक प्रतिष्ठा यह मान्यता दुनियाभर के छात्रों को असाधारण शैक्षणिक गुणवत्ता, अद्वितीय मूल्य और एक समृद्ध अनुभव प्रदान करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उच्च शिक्षा के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में लविवि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विविध प्रकार के कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए लविवि उत्कृष्टता के एक प्रतीक के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है। सामर्थ्य,पहुंच और शैक्षणिक कठोरता पर लगातार ध्यान देने के साथ विश्वविद्यालय मूल्य से समझौता किए बिना विश्व स्तरीय शिक्षा चाहने वाले शिक्षार्थियों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में पहचाने जाने पर हमें खुशी है। यह उपलब्धि एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है जो छात्रों को अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाता है। हमने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए ठोस तरीके से काम किया है। हम इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। संयुक्त, ट्विनिंग और दोहरे कार्यक्रम खोलने की हमारी योजना भी हमें अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए अधिक आकर्षक गंतव्य बनाएगी। हमने विदेशी छात्रों के आवेदनों में लगातार वृद्धि देखी है और इस रैंकिंग ने लोकप्रिय धारणा को मान्य किया है। सामर्थ्य के प्रति लविवि की प्रतिबद्धता इसकी प्रतिस्पर्धी ट्यूशन फीस और उत्कृष्ट शिक्षाविदों में परिलक्षित होती है,जो यह सुनिश्चित करती है कि जीवन के सभी क्षेत्रों के छात्रों को परिवर्तनकारी शैक्षिक अवसरों तक पहुंच प्राप्त हो। इसके अलावा, विश्वविद्यालय का जीवंत परिसर जीवन,अत्याधुनिक सुविधाएं और विश्व स्तरीय संकाय एक समग्र शैक्षिक अनुभव में योगदान करते हैं जो छात्रों को तेजी से परस्पर जुड़ी दुनिया में सफलता के लिए तैयार करता है। भारत में एक अग्रणी संस्थान के रूप में लविवि वैश्विक नेताओं, विचारकों और नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के अपने मिशन में दृढ़ है।

लविवि में कला प्रदर्शनी का आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कलरव ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विषय पर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। कलरव लविवि के ललित कला संकाय के छात्रों द्वारा शुरू किया गया कला व संस्कृतिक मंच है। जिसके तहत पहला कार्यक्रम छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। कला प्रदर्शनी के दौरान भाषा विज्ञान विभाग की शिक्षक डॉ.माधरी काकोटी ने वहां मौजूद छात्रों को जलवायु परिवर्तन विषय पर संबोधित करते देश के समकालीन मुद्दों के ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने लद्दाख एवं असम से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चल रहे आदिवासी लोगों द्वारा लड़ी जा रही जल,जंगल व जमीन की लड़ाई के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज देश में कैसे जगह-जगह लोग प्राकृतिक संसाधनों की लूट के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं,।

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बदला एलएलबी परीक्षा का कार्यक्रम

अब 11 और 13 जून को होगी छठे सेमेस्टर की परीक्षा

जागरण प्रभाव

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एल.एल.बी तीन वर्षीय छठे सेमेस्टर की पांच व सात जून को होने वाले परीक्षा की तिथियों में बदलाव कर दिया है। इन दोनों दिन कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा होने की वजह से छात्र-छात्राएं परेशान थे। दैनिक जागरण ने सबसे पहले बीते 11 मई के अंक में 'एलएलबी और सीएस परीक्षा एक साथ होने से विद्यार्थी परेशान' शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेकर विश्वविद्यालय ने बदलाव कर दिया है।

एल.एल.बी तीन वर्षीय छठे सेमेस्टर के तमाम छात्र-छात्राओं ने पांच और सात जून को होने वाली परीक्षा की तिथि बदलने की मांग की थी। उनका कहना था कि एल.एल.बी परीक्षा के दोनों दिन इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरी आफ इंडिया की ओर से कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) की परीक्षा की तिथि भी है। जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद एबवीपी ने भी प्रशासनिक भवन का घेराव कर कुलपति को ज्ञापन देकर तिथि बदलने की मांग की थी। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम लवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

इन विषयों की तिथि भी बदली : लवि ने पीजी के कई विषयों का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। एम.ए इन क्रिमिनोलाजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीसीएस) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 19 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 14 जून को होंगी। एम.पी.एच (कम्यूनिटी मेडिसिन) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 19 जून, चौथे सेमेस्टर की आठ से 14 जून, मास्टर आफ पापुलेशन स्टडीज दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 19 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 20 जून तक संचालित होंगी। बी.एड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 21 जून और चौथे सेमेस्टर की 14 जून को होगी। एम.एड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 22, चौथे सेमेस्टर की 12 से 21 जून, एम.ए एजुकेशन की परीक्षा 11 से 22 जून व चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 21 तक संचालित की जाएंगी।

विदेशी छात्रों को और आकर्षित करेगा विश्वविद्यालय

जासं● लखनऊ: अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रतिष्ठित स्टडी अब्राड एड (एसएए) वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में शीर्ष 10 प्रतिशत में लखनऊ विश्वविद्यालय ने जगह बनाई है। इस रैंकिंग में 69 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं। स्टडी अब्राड एड ने दुनिया के सभी विश्वविद्यालयों को दो मैट्रिक्स के आधार पर रैंक दी है। इसमें एक सामर्थ्य और दूसरा शैक्षणिक प्रतिष्ठा है। यह मान्यता दुनिया भर के छात्रों को असाधारण शैक्षणिक गुणवत्ता, अद्वितीय मूल्य और एक समृद्ध अनुभव देने में मदद करती है। विश्वविद्यालय मूल्य से समझौता किए बिना विश्व स्तरीय शिक्षा चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए एक पसंदीदा केंद्र बन रहा है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में पहचाने जाने पर हमें खुशी है। विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए ठोस तरीके से काम किया है। आगे संयुक्त और दोहरे कार्यक्रम खोलने की योजना अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करेगी। इससे प्रवेश लेने वाली विदेशी छात्रों की संख्या भी बढ़ रही है।

लवि ने किया करार

लवि और रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान व विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) कानपुर के बीच एमओयू किया गया। विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में कुलपति प्रो. आलोक राय और डीएमएसआरडीई के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी ने हस्ताक्षर किया। यह समझौता अनुसंधान और शैक्षणिक प्रशिक्षण में कई पारस्परिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों की सुविधा देगा। अनुसंधान, वैज्ञानिक और तकनीकी सामग्रियों का आदान-प्रदान, संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, लघु शोध प्रबंध कार्यक्रम, इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा प्रदान करेंगे।

लवि में छूटे विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा 21 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने बी.काम. छठे सेमेस्टर के छूटे विद्यार्थियों के लिए माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की मौखिक परीक्षा 21 मई को आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह 11 बजे प्रोफेसर केके सक्सेना न्यू कामर्स ब्लाक में पहुंचना होगा। बुधवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। (जासं)

TOI PAGE 3

LU-DMSRDE MoU for joint research

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's Chemistry department entered into a collaboration with Defence Materials and Stores Research and Development Establishment (DMSRDE) on Wednesday. As part of this, LU students will now have the opportunity to gain insight into the workings and research endeavours of defence personnel at the DMSRDE in Kanpur, a division of the Defence Research and Development Organisation (DRDO).

"DMSRDE is tasked with the research and development of materials for the Indian military, including various forms of protective clothing and equipment. This partnership aims to cultivate joint training and research programmes, thereby advancing scientific knowledge for the benefit of the country and society," said Professor Anil Mishra, head of LU's Chemistry department.

PIONEER PAGE 4

एलयू व डीएमएसआरडीई के बीच हुआ एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ और डॉ. मयंक द्विवेदी, निदेशक, रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई), कानपुर ने संयुक्त रूप से बुधवार को एक अकादमिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का समन्वय लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा किया गया था।

लखनऊ विश्वविद्यालय और डीएमएसआरडीई, कानपुर के बीच इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश और समाज के लाभ के लिए वैज्ञानिक ज्ञान में उन्नति प्रदान करने के लिए सहयोगात्मक प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम को बढ़ावा देना है। यह लखनऊ विश्वविद्यालय और डीएमएसआरडीई, कानपुर के लिए सहयोगात्मक प्रशिक्षण और अनुसंधान की सुविधा के लिए उद्देश्यों और शक्तियों की संपूरकता के आधार पर सहक्रियात्मक रूप से काम करने का एक अवसर होगा। यह समझौता ज्ञापन अनुसंधान और शैक्षणिक प्रशिक्षण में कई पारस्परिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करेगा जैसे कि अनुसंधान, वैज्ञानिक और तकनीकी सामग्रियों का आदान-प्रदान, पारस्परिक हित के विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम, संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, लघु शोध प्रबंध कार्यक्रम, इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा साझा करना। इस मौके पर डीएमएसआरडीई, कानपुर की ओर से डॉ. अमित सरैया, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रमुख, टीसी एवं एचआरडी, डीएमएसआरडीई, कानपुर तथा विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफेसर अनिल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय थे। डीन एकेडमिक सेल प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने इस समझौते का निष्पादन किया। लखनऊ में स्थित डीएमएसआरडीई, कानपुर की एक सहयोगी प्रयोगशाला, रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र में वैज्ञानिक-एफ डॉ. आशीष दुबे भी उपस्थित थे। एमओयू का समन्वयन लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. नीरज कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

एसएए वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में एलयू शीर्ष 10 फीसद में शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रतिष्ठित स्टडी अब्रॉड एड (एसएए) वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में शीर्ष 10 फीसद में अपना स्थान घोषित किया है। इस रैंकिंग में 69 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के दुनिया के अग्रणी डेटाबेस के रूप में, स्टडी एब्रॉड एड ने दुनिया भर के सभी विश्वविद्यालयों को दो मैट्रिक्स के आधार पर रैंकिंग की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में पहचाने जाने पर हमें खुशी है। यह उपलब्धि एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है जो छात्रों को अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाता है।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू विदेशी छात्रों की पहली पसंद बन रहा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेशी विद्यार्थी अपनी पसंद बना रहे हैं। जिस पर स्टडी अब्रॉड एड (एसएए) वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 मुहर लगा रही है। एलयू को इस वर्ष जारी हुई रैंकिंग में शीर्ष दस प्रतिशत विश्वविद्यालय में जगह मिली है। इस रैंकिंग में कुल 69 देशों के विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया था। इसके बाद एसएए ने दुनिया भर के सभी विश्वविद्यालयों को दो मैट्रिक्स सामर्थ्य और शैक्षणिक प्रतिष्ठा के आधार पर रैंकिंग दी।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में पहचाने जाने पर खुशी है। हमने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने और बनाए रखने को ठोस कदम उठाए। जल्द ही जॉइंट, ट्विनिंग और डुअल डिग्री कार्यक्रम शुरू होंगे। इससे एलयू अंतरराष्ट्रीय छात्रों की प्राथमिकता बनेगा।

डीएमएसआरडीई संग जॉइंट पीएचडी कराएगा विवि

लखनऊ विश्वविद्यालय और कानपुर के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान मिलकर अब जॉइंट पीएचडी कार्यक्रम का संचालन कर सकेंगे। एलयू के शोधार्थी रिसर्च के लिए डीएमएसआरडीई की लैब का इस्तेमाल कर सकेंगे। छात्रों को इंटर्नशिप और ट्रेनिंग का भी मौका मिलेगा। इसी तरह डिसर्टेशन और इंस्ट्रुमेंटेशन की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डीएमएसआरडीई के निदेशक डॉ. मयंक द्विवेदी ने बुधवार को एक अकादमिक एमओयू साइन किया है। जिसके जरिए देश और समाज को फायदा पहुंचाने वाले सहयोगात्मक प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मौके पर अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 7

अंतरराष्ट्रीय विवि की टॉप-10 सूची में पहुंचा लविवि

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए स्टडी अब्रॉड एड (सॉ) वर्ल्ड बेस्ट वैल्यू यूनिवर्सिटी रैंकिंग की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। रैंकिंग श्रेणी में 69 देशों के विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के डेटाबेस के रूप में स्टडी एब्रॉड एड ने दो मैट्रिक्स के अन्तर्गत सामर्थ्य और शैक्षणिक प्रतिष्ठा को आधार बनाया है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में से टॉप-10 के बीच हमारी पहचान बनी है। संयुक्त, ट्विनिंग और दोहरे कार्यक्रम खोलने की योजना हमें और आगे ले जाएगी। अग्रणी संस्थान के रूप में लविवि वैश्विक नेताओं, विचारकों और नव प्रवर्तकों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के अपने मिशन में दृढ़ है।

i-NEXT PAGE III

एलयू का डीएमएसआरडीआई से करार

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय और रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान व विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) कानपुर के बीच एमओयू किया गया है. विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और डीएसएसआरडीई के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी ने इस पर साइन किया. यह समझौता ज्ञापन अनुसंधान और शैक्षणिक प्रशिक्षण में कई पारस्परिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों की सुविधा देगा. अनुसंधान, वैज्ञानिक और तकनीकी सामग्रियों का आदान-प्रदान, संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, लघु शोध प्रबंध कार्यक्रम, इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा प्रदान करेंगे.

छूटे विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा 21 को

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने बीकाम छठे सेमेस्टर के छूटे विद्यार्थियों के लिए माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की मौखिक परीक्षा 21 मई को आयोजित की जाएगी. विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह 11 बजे प्रोफेसर केके सक्सेना न्यू कामर्स ब्लाक में पहुंचना होगा. बुधवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया.